हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 17 दिसंबर 2024
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



# हरिभूमि भिलाई संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
















हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 17 दिसंबर 2024


तापमान

अधिकतम 26.4 डिग्री

न्यूनतम 07.2 डिग्री


12 लीज नवीनीकरण पर निकलेगा सम्मानजनक हल





12 नपा अध्यक्ष राजेश्वर ने स्वच्छता रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना






# पंचायत चुनाव आरक्षण पर फिरा पानी, 19 को निकायों का निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

17 दिसंबर को पंचायत चुनाव को लेकर होने वाला आरक्षण अपरिहार्य कारणों से स्थिगित कर दिया गया है। सोमवार की देर शाम इसका लिखित आदेश जारी कर दिया गया। इसे लेकर पूरे दिन सशंय स्थिति बनी रही। अब 17 दिसंबर को होने वाला आरक्षण नहीं होगा। इसके चलते पूरी तैयारियों पर पानी फिर गया है।

सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा भी स्थानीय निर्वाचन के अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर जवाब नहीं दिया गया। लिखित आदेश भी नहीं मिल पाया। इस वजह से संशय की स्थिति बनी रही। अधिकारियों ने भी आरक्षण को लेकर की गई तैयारियों को समेट लिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि पंचायत का आरक्षण फिलहाल नहीं हो रहा है। मंगलवार को होने वाली टीएल बैठक को भी टाल दिया गया था। शनिवार को आरक्षण के लिए ट्रैनिंग दी जानी थी, जिसे भी नहीं दिया गया था।

## सोमवार देर शाम जारी हुआ आदेश, नई तारीख घोषित नहीं

### गांव में करा दी गई थी मुनादी, नए सिरे से होगी प्रक्रिया

राज्य शासन के पंचायत विकास विभाग से जारी आदेश अनुसार जिला प्रशासन द्वारा सत्रह दिसंबर को होने वाले आरक्षण की तैयारी कर ली गई थी। गांव में मुनादी तक करा दी गई थी। पड़ोसी जिले राजनांदगांव में तो शनिवार को प्रशिक्षण कराए जाने के बीच इसे बंद भी करा दिया गया, जिससे प्रशासनिक खलबली मची रही। सूत्रों ने बताया कि कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने डायरेक्टर प्रियंका मोहबिया से चर्चा की थी। जिसके बाद उन्हें भी मौखिक तौर पर आरक्षण नहीं होने की जानकारी दी गई। इधर आगामी 19 दिसंबर को नगरीय निकाय का आरक्षण होने तय है। ऐसी उम्मीद थी कि निकाय और पंचायत दोनों का आरक्षण एक ही दिन होगी। लेकिन फिलहाल तारीख को लेकर संशय बना हुआ है।



## खबर संक्षेप

### नशीला कफ सिरप बेचने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** नशीली दवा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरविंदर सिंग संधु ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चौहान टाउन के पास बस स्टाफ में प्रतिबंधित नशीली सिरप बेचने वाले को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम सीएसपीजी सीएल कालोनी दर्री बैराज थाना कोरबा निवासी आदित्य गुप्ता जो फिलहाल चौहान टाउन एच 01/ 26 पेंट हाउस में रहता है। जिसे जुनवानी से पकड़ा गया। युवक के पास से सुटकेश से 54 नग नशीली प्रतिबंधित कप हाइड्रोक्लोराइड सिरप, ब्रिकी रकम सात सौ रुपए नगद, मोबाईल जिसकी कीमत 15 हजार 130 रुपए आंकी गई है।

### मोबाइल छीनने वाला बलौदाबाजार से गिरफ्तार



**भिलाई।** मोबाइल छिनकर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने बलौदा बाजार जाकर पकड़ लाई। मोबाइल का डम्प नंबर के आधार पर लोकेशन ट्रेस कर आरोपी तक पुलिस पहुंची। सुपेला पुलिस ने बताया कि 28 सितंबर को गांधी नगर शिव मंदिर कोसा नगर सुपेला निवासी दीपाली श्याम कुंवर ने शिकायत किया कि नर्सिंग कालेज से अपने घर जा रही थी। इस दौरान एक युवक गांधी नगर जाने का रास्ता पूछकर युवती के हाथ में रखे बैग में मोबाईल था। उसे छिनकर फरार हो गया। आसपास खोजबीन करने के बाद शिकायत पुलिस में की। इस दौरान मोबाइल का डम्प नंबर के आधार पर लोकेशन ट्रेस किया। संदेही केशली सुहेला बलौदा बाजार निवासी गजानंद बंजारे उर्फ धरमचंद के बारे में पता चला। पुलिस तुरंत आरोपी के पते पर पहुंची उसे पकडकर भिलाई लेकर आई। आरोपी से पूछताछ करने पर युवक ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### नशे की गोली के साथ युवक पकड़ाया, जेल

**भिलाई।** अवैध रूप से नशे का टेबलेट बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 1260 नग टेबलेट जब्त किया है। जिसकी कीमत 4,480 रूपये आंकी गई है। भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि आयकर भवन सेक्टर 6 के पास पूछताछ करने पर युवक भिलाई तीन निवासी बी पवन कल्याण को पकड़ा गया।

**अव्यवस्था:** उठाव के पहले दिन ही व्यवस्था ठप, ट्रांसपोर्टरों व प्रबंधकों के बीच नहीं बनी बात

# समितियों ने लोडिंग चार्ज देने से किया इंकार
# खरीदी केंद्रों से लौटे ट्रक, केंद्रों में लगी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हरिभूमि सरोकार

मार्कफेड द्वारा भले ही ट्रांसपोर्टरों को धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है, लेकिन लोडिंग चार्ज देने से समितियों ने हाथ खड़ कर दिए हैं। इसके चलते सोमवार को भी समितियों में ट्रकें भेजे जाने के बाद भी धान का उठाव नहीं हो सका। जिले के फुंडा, सांकरा, फेकारी और सेलूद सोसाइटी से ट्रकें सोमवार को खाली लौटे। फुंडा से चार ट्रक खाली लौटाए गए। इधर सेलूद संग्रहण केन्द्र में प्रशासन द्वारा धान रखने की तैयारी नही की गई थी, जिसके चलते तीस से अधिक ट्रकें देर रात तक खाली नहीं हो सके। किसान संगठन के चेतावनी के बाद भी सोमवार को पहले ही धान का उठाव नहीं हो सका। जिले में धान उठाव को लेकर प्रशासन और समितियों के मध्य सुलह नही हो रहा हैं। कई समितियों ने लोडिंग चार्ज देने से मना कर दिया हैं। जिसके चलते वहां धान का उठाव नही हो रहा है। सोमवार को फुंडा, सांतरा, फेकारी और सेलूद सोसायटियों ट्रके एसडीएम हरवंश मिरी के निर्देश पर भेजे गए थे, लेकिन जब ट्रक पहुंचे तो समितियों ने राशि देने से मना कर दिया। जिसके बाद ट्रांसपोर्टरों को खाली ट्रक लेकर लौटाए गए। सोमवार को सांतरा, सुरपा, तेलीगुंड्रा, सोनपुर सोसाइटियों से उठाव किया गया। बताया गया कि, यहां समितियां लोडिंग चार्ज देने के लिए राजी नहीं हैं। वहीं प्रशासन स्तर पर अन्य सोसाइटियों से सुलह नहीं की गई है।



### सेलूद संग्रहण में अव्यवस्था, रातभर ट्रक खड़े रहे

प्रशासन द्वारा समितियों से उठाव का दबाव बनाया जा रहा हे। लेकिन दूसरी ओर खुद मार्कफेड द्वारा संग्रहण केन्द्रों में धान रखने की व्यवस्था नही की गई है। जिले के सेलूद संग्रहण केन्द्र खोले गए हैं। लेकिन यहां भूसे से निर्मित स्टेग ही नही बनाया गया था। जिसके चलते सेलूद संग्रहण के सामने देर रात तीस से अधिक ट्रके खडी रही। संग्रहण से ट्रके खाली नही होने के कारण वे दूसरी ट्रिप नहीं जा सकी।

### ट्रांसपोर्टरों के 50 ट्रक, लगाए गए सिर्फ 25

सोसायटियों द्वारा लोडिंग चार्ज नही दिए जाने के चलते ट्रांसपोर्टरों के पास ट्रके होने के बाद भी वे नही लगा पा रहे हैं। सेलूद संग्रहण केन्द्र के लिए पचास ट्रके तैयार हैं, लेकिन लोडिंग चार्ज नही देने के कारण सिर्फ तीस ट्रके ही उठाव में लगी हैं। फुंडा सोसायटी प्रबंधक ने तो सीईओ लोडिंग चार्ज नही देने पत्र लिख दिया हैं। अन्य सोसायटियों ने भी लोडिंग चार्ज देने में असमर्थता जताई हैं। ऐसे में प्रशासन के लिए धान उठाव चुनौती बन गई हैं।

### समिति प्रबंधक इसलिए राजी नहीं

समिति प्रबंधको का कहना है कि, उन्हें पिछले साल प्रति क्विंटल 32 रूपए के हिसाब से कमीशन की राशि नही दी गई हैं। यही नहीं प्रासंगिक व्यय का भी उन्हें भुगतान नही किया गया हैं। ऐसे में समिति प्रबंधको की माली हालात भी खराब हैं। ऐसे में प्रशासन द्वारा लगातार दबाव बनाने के बाद भी वे राजी नही हो रहे है। कई समितियों ने प्रशासन को लिखित में राशि नहीं दे पाने पत्र लिखा हैं। लेकिन अब तक इसका जवाब नहीं आया है। इस वजह से समितियों द्वारा कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया जा रहा है।

### मिलर भी अड़े नहीं बन रही सहमति

जिले के मिलर भी राज्य शासन से अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। आगामी बीस दिसंबर से वे हड़ताल पर हैं। सोमवार के सोशल मीडिया में सुलह और हड़ताल समाप्त होने की खबरें आईं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ हैं। जिला राइस मिल एसोसिएशन के संरक्षण रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि अब तक सहमति नहीं बनी हैं। राज्य शासन से लगातार बात चल रही है। बहरहाल जिले में नगपुरा, भेंडसर, दमोदा, कन्हारपुरी, डोडकी और सांतरा में धान खरीदी बंद है। इन केन्द्रों में सोमवार को 30 ट्रक लगाए गए, लेकिन सभी सेलूद संग्रहण केन्द्र के सामने खड़े रहे। तैयारी नहीं होने से उन्हें अनलोड नहीं किया जा सका।

**स्पोर्ट्स डे-2024 सैलिब्रेशन का आगाज**

# वन मंत्री केदार कश्यप कल आएंगे डीपीएस दुर्ग

## दुर्ग आईजी रामगोपाल गर्ग आज करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- स्कूल कैंपस में खेल स्पर्धा का होगा आयोजन
- विजेता प्रतिभागी किए जाएंगे सम्मानित

डीपीएस जुनवानी दुर्ग का दो दिवासीय स्पोर्ट्स डे -2024 सैलिब्रेशन 17 और 18 दिसंबर को मनाया जाएगा। 18 दिसंबर को सैलिब्रेशन के दूसरे दिन और समापन समारोह में वन एवं पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप प्रमुख रूप से शामिल होंगे। वे सुबह करीब 10 बजे कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। उनके अलावा आयोजन में कवि और सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ के पूर्व डीन डॉ. हरिओम पंवार, कवि, लेखन, यश भारती अवार्डी और पद्मश्री डॉ. सुनील जोशी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। डॉ. पंवार जहां वीर रस के जानेमाने कवि हैं, वहीं डॉ. जोशी हास्य रस के जानेमाने कवि हैं। स्पोर्ट्स डे के उद्घाटन सत्र यानी 17 दिसंबर को दुर्ग आईजी राम गोपाल गर्ग प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। उनके अलावा डीपीएस मैनेजिंग कमेटी के मेंबर एच बत्रा और सात्विक सिंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी दोनों दिन कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। डीपीएस स्कूल जुनवानी के प्राचार्य यशपाल शर्मा ने बताया कि समारोह को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। पढ़ाई के साथ खेल को भी जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। यह प्रतियोगिता बच्चों के कौशल और आत्मविश्वास को निखारने का एक सुनहरा अवसर है। खेल से बच्चों में अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और टीम भावना विकसित होती है। इस उद्देश्यों के साथ खेल समारोह का आयोजन किया जा रहा है। खेलों में सभी कक्षाओं के बच्चे भाग लेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। मुख्य रूप से बच्चों के लिए लांग जंप, साक रेस, स्लो साइक्लिंग, बुक बैलेंसिंग गेम, कबड्डी, फुटबॉल, व्हालीबॉल, क्रिकेट सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

### खुली संगीत और नृत्य प्रतियोगिता आज से

**भिलाई।** बीएसपी में खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता मंगलवार को शुरु होगी। उदघाटन कलामंदिर सिविक सेंटर भिलाई निवास में सुबह 9:30 बजे किया जायेगा। संगीत प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से 1 बजे तक तथा नृत्य प्रतियोगिता शाम 3 बजे से शुरु होगी। प्रतियोगिता में कर्नाटक, हिन्दुस्तानी, लोक गायन, एकल नृत्य (भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, ओड़िसी), हिन्दुस्तानी वाद्य (तंतु वाद्य एवं ताल वाद्य) तथा खुली वर्ग समूह में नृत्य स्पर्धा का आयोजन होगा।

**निरीक्षण के दौरान मेयर ने जताई नाराजगी**

# पाथवे का किया घटिया निर्माण ठेकेदार को जारी होगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



रिसाली निगम क्षेत्र में हो रहे कामों की सोमवार को महापौर शशि सिन्हा और आयुक्त मोनिका वर्मा ने संयुक्त रूप से जांच की। उन्होंने वार्ड-9 में हो रहे पाथवे निर्माण की औचक जांच की। जांच में काम घटिया स्तर का होने और अधूरा काम किए जाने पर महापौर ने जमकर फटकार लगाई। बता दें कि करीब 18 लाख रुपए की लागत से रवींद्र भगत नामक ठेकेदार को काम दिया गया है। कार्य की गुणवत्ता घटिया होने पर महापौर ने नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त ने तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। महापौर ने कृष्ण कुंज का भी निरीक्षण किया। निगम द्वारा यहां पाथवे निर्माण कराया जा रहा है। पाथवे बनाने निर्माण एजेंसी ने पेवर ब्लाक को केवल जमाकर रख छोड़ा था। लॉक नहीं करने से पेवर ब्लॉक उखड़ने लगा है। इसे देखकर महापौर ने शर्तों के अनुरूप कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने वार्ड 8 और 10 का भी निरीक्षण किया। पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर, जमुना ठाकुर, गोपाल सिन्हा, बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट के निर्देश पर हुडको की जमीन निगम को हैंडओवर की, सुनवाई 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हाईकोर्ट के आदेश पर एसडीएम भिलाई ने रबिन्द्र निकेतन हुडको कालीबाड़ी के सामने स्थित खुली जमीन का निरीक्षण किया। उसका आधिपत्य लेकर नगर निगम के हैंडओवर किया। हाईकोर्ट में यह मामला विचाराधीन है। इसकी अगली सुनवाई 19 दिसंबर को है।

भिलाई नगर एसडीएम हितेश पिस्दा ने हाईकोर्ट के आदेश पर रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी हुडको के सामने स्थित खुली जमीन का निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार हुलेश्वर नाथ खुटे, नगर निगम भिलाई जोन 5 के आयुक्त कुलदीप गुप्ता सहित मंदिर समिति और दूसरे पक्ष के लोग मौजूद थे। एसडीएम श्री पिस्दा ने खुली जमीन एवं फेंसिंग का निरीक्षण कर पंचनामा बनाया और उसे सभी के समक्ष पढ़कर सुनाया। तत्पश्चात खुली जमीन को अपने आधिपत्य में लेते हुए एसडीएम ने जोन आयुक्त को हैंडओवर किया। एसडीएम श्री पिस्दा ने जोन आयुक्त को कहा कि अब से खुली जमीन नगर निगम के अधीन है। शुल्क को लेकर जो भी निर्णय होगा नगर निगम लेंगे।



- जमीन विवाद को लेकर कोर्ट पहुंचे पक्षकार

एसडीएम ने बताया कि हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट के आदेश पर खुली जमीन का निरीक्षण किया गया। यहां हाईकोर्ट के आदेश पर रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी हुडको समिति द्वारा गार्डन के साथ ही फेंसिंग भी किया गया है। फेंसिंग में किसी भी प्रकार का कंटीले तार नहीं हैं, जिससे लोगों को नुकसान पहुंचे। रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी समिति हुडको के बबलू बिश्वास ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर यहां गार्डन का निर्माण किया गया है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों के सहमति से ही गार्डन निर्माण का आदेश दिया था। इस गार्डन के निर्माण में लाखों रुपए खर्च आया है, जिसे रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी समिति द्वारा वहन किया गया है।

**पिछले 7 दिनों से रात का पारा 10 डिग्री के आसपास**

# अगले 48 घंटे हल्के बादल के आसार, फिर बढ़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी सहित पूरे जिले में कंपकपाने वाली ठंड शुरू हो गई है। पिछले 7 दिनों से पारा 10 डिग्री के आसपास ठहरा हुआ है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 26.4 और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सीजन का सबसे कम तापमान रहा। इतना ही नहीं पिछले 10 वर्षों में 15 दिसंबर के आसपास इतनी ठंड नहीं पड़ी, हालांकि पारा 10 डिग्री के आसपास जरूर रहा, लेकिन इससे नीचे नहीं आया। इस बार पारा 8.5 डिग्री तक पहुंच गया है, जो सामान्य से 5 डिग्री तक कम है। इस वजह से पूरे जिला ठंड की चपेट में है। सुबह और शाम के समय लोग ठिठुरन महसूस कर रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबि दक्षिण बंगाल के मध्य भाग में एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। इस चक्रवाती घेरे की आगामी दिनों में तमिलनाडु के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इस वजह से अगले 48 घंटे हल्के से मध्यम स्तर पर बादल छाने की संभावना है। इससे तापमान में आंशिक बढ़ोतरी होगी। ठंड से राहत मिलेगी, लेकिन बादल छंटते ही एक बार फिर ठंड महसूस होगी। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो इस बार दुर्ग जिले में पारा 7 डिग्री से भी नीचे जा सकता है। वर्तमान में जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में कड़ाकों की ठंड पड़ रही है। इस वजह से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

## देर से हो रही लोगों की सुबह, रात में सड़कें रात 9 बजे के बाद सूनी हो रहीं

### चिल्फी, रेंगाखार, मेनपाट, बस्तर में कड़ाके की ठंड

इस समय चल्फी, रेंगाखार, मेनपार्ट, बस्तर सहित अन्य पहाड़ी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कुछ जगहों पर पारा 5 डिग्री के भीच नीचे पहुंच गया है। अगले कुछ दिनों में तापमान में और भी अधिक गिरावट की संभावना है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी कर दिया है। प्रदेश के कुछ जिले शीतलहर की चपेट में हैं, जहां पारा सामान्य से 8 डिग्री तक नीचे पहुंच गया है। ठंड के और बढ़ने की संभावना बनी हुई है।



**दुर्ग जिले का तापमान 10 डिग्री के आसपास**

| दिसंबर | अधिकतम | न्यूनतम | दिसंबर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | 26.4 | 8.5 | 13 | 29.8 | 9.2 |
| 15 | 28.8 | 8.9 | 12 | 28.4 | 9.4 |
| 14 | 36.6 | 10 | 11 | 29.4 | 9.9 |

### जोन दफ्तरों में हर सोमवार को राशन कार्डों का होगा वितरण

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन कार्यालयों में हर सोमवार राशन कार्डों का वितरण किया जाएगा। इसके लिए शिविर लगाए जाएंगे। शहर में इस समय 172 राशन दुकान संचालित हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी राशन दुकान संचालकों की बैठक ली। उन्होंने जानकारी ली कि नए राशन कार्ड बन जाने के बाद वितरण क्यों नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि हितग्राही अपना राशन किसी अन्य दुकान से भी ले ले रहे हैं। वह अपने पुराने कोऑपरेटिव पर नहीं आ रहे हैं। नागरिक सुबह 11 बजे से साम 4 बजे तक शिविर स्थल पर राशन कार्ड राशन कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। संचालकों ने बताया कि 600 से अधिक राशन कार्डधारी विदेश चले गए हैं।





पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास जयंती व मंडई 25 को

**अंडा।** ग्राम चंदखुरी में संत शिरोमणी गुरु घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती के अवसर पर इस वर्ष 25 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती एवं मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। वहीं ग्राम मंडई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सुनील सोनी स्टार नाईट, अतिथि आगमन शाम 7 बजे मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद-दुर्ग लोकसभा, अध्यक्षता ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, विशिष्ट अतिथि माया बेलचंदन सदस्य-जिला पंचायत दुर्ग, दीपिका चन्द्राकर जनपद सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग, हेमलता देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत चंदखुरी, खेमलाल चन्द्राकर उपसरपंच आदि उपस्थित होंगे।

### कोनारी में कर्मा भवन का लोकार्पण कल

**अंडा।** तहसील स्तरीय सामुदायिक कर्मा भवन कोनारी लोकार्पण एवं आबादी पारा तालाब में महिला घाट मे शेड निर्माण का भूमिपूजन का कार्यक्रम 18 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे ग्राम कोनारी में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री व पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छग ताम्रध्वज साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा यादव, अतिविशिष्ठ अतिथि रमशीला साहू पूर्व केबिनेट मंत्री छग, दीपकताराचंद साहू , पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छग शासन, नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग आदि उपस्थित रहेंगे।

### गुरु घासीदास जयंती भिलाई तीन में आज से

**भिलाई।** गुरु अगरदास सतनामी कल्याण संगठन भिलाई चरोदा अध्यक्ष अधिवक्ता मोतीराम कोशले ने बताया कि संत गुरु घासीदास की 268 वी जयंती समारोह का आयोजन दो दिवसीय सतनाम भवन भिलाई 3 है। 17-18 दिसंबर को विभिन्न आयोजन है। इस दौरान मुख्य अतिथि अहिवारा विधानसभा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, अति विशिष्ट अतिथि नपा अहिवारा अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर होंगे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, विशेष अतिथि भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी गुलशन ढीढे, भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश सदस्य खगेश कोसरिया, खूबचंद बघेल के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, भाजपा जिला भिलाई के महामंत्री प्रेमलाल साहू, विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा के नेता प्रतिपक्ष राम खिलवान वर्मा, पार्षद फिरोज फारूकी, जिला पंचायत दुर्ग के विधायक प्रतिनिधि प्रेम सागर चतुर्वेदी, अहिवारा के विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हमीद अहमद शाह समेत अन्य होंगे।

## निधन

### अशोक शुक्ला

**दुर्ग।** कादंबरी नगर निवासी अशोक शुक्ला उम्र 65 वर्ष का 16 दिसंबर को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे आकाश शुक्ला, प्राची शुक्ला के पिता और ओम प्रकाश शुक्ला, रामकृष्ण शुक्ला के भाई थे।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक
मंडल-कोहका तहसील व जिला दुर्ग

सीमांकन सूचना

दिनांक -16/12/2024

आम जनता को सूचित किया जाता है कि माननीय तहसीलदार महोदय दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदिका श्रीमती पी. शशी शास्त्री आ. मु. हर्षवर्धन चांदेकर के तरफ से पिता श्री प्रभाकर राव चांदेकर निवासी केलाश नगर कुरूद भिलाई द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1595/1 रकबा 0.320 हे. भूमि का सीमांकन दिनांक 19/12/2024 समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन किया जाना है। जिस किसी हितबद्ध पक्षकारो / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो समस्त दस्तावेजों के साथ सीमांकन पूर्व मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा विधिवत सीमांकन कर दी जाएगी।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
कोहका

## इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के रणनीतिक विलय से होगा लाभ

# सेल अफसरों की लंबित मांगों के निदान के लिए सेफी ने बनाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेफी ने सेल और अधिकारियों की लंबित समस्याओं के जल्द निदान के लिए अब दबाव बनाना शुरु कर दिया है। इस्पात मंत्री से दिल्ली में मेकॉन अधिकारियों के 11 महीने के लंबित पर्क्स भुगतान, सेल में एचआरए पालिसी व कंपनी के बड़े मकानों में थर्ड पार्टी के कब्जों से मुक्त करवाने

■ प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली में इस्पात मंत्री से की मुलाकात

की मांग की। इसके साथ ही इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों का रणनीतिक विलय की भी मांग की।

सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कछोर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल की इस्पात मंत्री के साथ हुई बैठक में इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी से उद्योग भवन दिल्ली में बैठक में इस्पात राज्यमंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा व सेफी के उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, अजय पाण्डेय, सेफी कोषाध्यक्ष पार्थ सारथी मिश्रा उपस्थित थे। सेफी की लंबित मांगों सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों के निजीकरण के स्थान पर इसके पुर्नगठन, रणनीतिक साझेदारी/ विलय, वीआईएसएल भद्रावती का रिवाइवल, मेकॉन अधिकारियों को 11 माह के लंबित पर्क्स एरियर्स सेल में एचआरए पालिसी व सेल के बड़े मकानों में थर्ड पार्टी कब्जों से मुक्ति आदि मुद्दों पर चर्चा की।

सेफी ने बताया कि सेल के क्षमता विस्तार के तहत सेल के द्वारा 1 लाख करोड़ रूपये की राशि का निवेश किया जाएगा। मांग की कि नगरनार इस्पात संयंत्र एवं राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड जिनकी क्षमता क्रमशः 3 एमटी एवं 7 एमटी है, अतः इन दोनों कंपनियों का सेल में रणनीतिक विलय करने से विस्तारीकरण के लक्ष्य को शीघ्र ही हासिल किया जा सकेगा। इससे सेल के उत्पादन क्षमता को शीघ्र बढ़ाने में मददगार होगा वहीं इन राष्ट्रीय संपत्तियों को विनिवेश से बचाया जा सकेगा।

### इस्पात मंत्री से मांगा एचआरए पालिसी व 11 माह का पर्क्स



### कच्चे माल व देश को होगा लाभ

सेफी ने इस्पात मंत्री को बताया कि नगरनार इस्पात संयंत्र को चलाने के लिए मात्र 200 अधिकारी एवं 1000 कर्मचारी उपलब्ध है, जो कि अपर्याप्त है। इससे संयंत्र की भी लाभार्जन क्षमता भारी रूप से प्रभावित हुई है। राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड भी 7.3 एमटी की क्षमता के साथ कुशल तकनीकी विशेषज्ञों से परिपूर्ण इकाई है, जो कि वर्तमान में कच्चे लौह अयस्क की कमी और ऊंची कीमतों से जूझ रहा है। इसका अंधाधुंध विनिवेश या निजीकरण न किया जाए। दोनों इकाईयों के रणनीतिक विलय से जहां एक इकाई को कच्चा माल उपलब्ध हो पाएगा वहीं दूसरी इकाई को तकनीकी क्षमता से परिपूर्ण मानव संसाधन मिलने में सहुलियत होगी। लाभार्जन से सरकार को आर्थिक संबलता प्रदान करेगा।

### कब्जे के आवास करवाएं खाली

11 माह के पर्क्स की राशि के शीघ्र भुगतान हेतु सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने इस्पात मंत्री से चर्चा की। उन्होंने मेकॉन अधिकारियों के 11 माह के लंबित पर्क्स एरियर्स का भुगतान करवाने की मांग किया। बताया कि वीआईएसएल की स्थापना देवगौड़ा के प्रयास से हुई थी। केन्द्र शासन द्वारा विनिवेश की प्रक्रिया वीआईएसएल में भी चालू की गयी थी। वर्तमान परिस्थितियों में वीआईएसएल का रिवाईवल के लिए निवेश की आवश्यकता होगी। श्री बंछोर ने दुर्ग जिले से अन्यत्र स्थानांतरित या सेवानिवृत हो चुके राज्य शासन के अधिकारियों के कब्जे से हैं बीएसपी के मकानों को भी खाली करवाने की भी मांग की। कब्जों से सेल अधिकारियों को ग्रेड के अनुरूप बेहतर आवास प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं।

## अंचल की खबरें

### पाटन में बढ़ी चोरी, व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**पाटन।** पाटन में चोरी की लगातार शिकायतें को लेकर व्यापारियों को चिंता सताने लगी है। पुलिस चोर को पकड़ने में असफल साबित हो रही है। क्षेत्र में लगातार गश्त नहीं होने से चोरी की वारदात बढ़ रही है। व्यापारी संघ अध्यक्ष होरी लाला देवांगन और नगर के वरिष्ठ व्यापारी श्रीकांत देवगन ने बताया कि लगातार पाटन में चोरी होने से व्यापारियों में काफी भयभीत है। 14 दिसंबर को बाबा शू सेंटर का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को आजम दिया गया है। इसके अलावा नया बस स्टेंड के पास में ओमकार टाइपिंग की दुकान में लगभग एक लखा की चोरी हो गई है। साथ ही खोरपा में भी सोना चांदी के जेवरात पार हो गया। इसकेकारण व्यापारी खासे परेशान हो रहे है। सोमवार को व्यापारी संघ ने पाटन थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर चोरी कर अंकुश और आरोपी को पकड़ने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। साथ ही रात को गश्त बढ़ाने की मांग भी की गई है। इस दौरान होरी लाला देवांगन, श्रीकांत देवांगन, लक्ष्मी पटेल, हर्ष भाले, नितेश तिवारी, अखिलेश वर्मा, ओमकार देवांगन जे पी देवांगन मौजूद थे।

### नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए हुआ भूमिपूजन



**धमधा।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में धर्मधाम धमधा में आयोजित 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमिपूजन विधिविधान से सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रों से धरती माता की पूजा अर्चना की गई एवं यज्ञ का ध्वज से लेकर आयोजन स्थल की सीमा पर पदयात्रा की गई। पंचगव्य चढ़ाकर यज्ञशाला एवं पंडाल लगाने के लिए विभिन्न लोगों ने कुदाली चलाई। ऐतिहासिक नगर धमधा में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 21 से 23 दिसंबर तक बस स्टैंड के पास किया गया है। इसके लिए प्रचार-प्रसार कार्य जोरों पर चल रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिव्दार से आए प्रतिनिधियों ने गीत-संगीत के साथ मातृ व गुरू वंदना की प्रस्तुति दी।

गायत्री परिवार से रामअभीष्ट साहू, गिरधारी साहू ने संगीतमय मंत्रोच्चारण कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। उन्होंने भूमिपूजन का महत्व बताते हुए कहा कि धरती माता का पूजन ही भूमिपूजन है।

इसके बाद मुख्य यजमान नगर पंचायत धमधा की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुप्ता, रमेश पटेल, सुनील ताम्रकार, खोमन पटेल ने विधिवत पूजन किया। दीपक जलाकर गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र का उच्चारण कर पूजा अर्चना की गई।

#### यज्ञ व संस्कार में हर कोई हो सकता है शामिल

आयोजन समिति के संयोजक वीरेंद्र देवांगन एवं गोविन्द पटेल ने बताया कि 21 दिसंबर को कलश यात्रा होगी, जिसमें 108 महिलाएं कलश में जल लेकर नगर भ्रमण करेंगी। 22 और 23 दिसंबर को सुबह 8 बजे से यज्ञ होगा, जिसमें मुख्य यजमान के साथ हर कोई आहूति दे सकेगा। इसके अलावा पुंसवन संस्कार, नामकरण संस्कार, मुंडन संस्कार, विद्याआरंभ संस्कार, जन्मदिवस संस्कार व दीक्षा संस्कार भी होंगे, जिसके लिए पूर्व से समिति में पंजीयन करना होगा।

## नपा अध्यक्ष राजेश्वर ने स्वच्छता रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना



**कुम्हारी।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर विविध आयोजनों में पहले दिन से ही विविध आयोजन किये जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने स्वच्छता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश में साय सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर 9 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक चलने वाले विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। नगरीय क्षेत्र एवं शासकीय, गैर शासकीय कार्यालय, औद्योगिक, व्यावसायिक परिसर क्षेत्र और प्रतिष्ठानों में स्वच्छता का महत्व बताते हुए जागरूक करने स्वच्छता सप्ताह मनाया गया। इसी क्रम मे स्वच्छता दीदियों ने एस एल आर एम केन्द्र में रंगोली के माध्यम से संदेश देते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया। इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने बताया कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन कराया जा रहा है जो कि 20 दिसम्बर तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर, पार्षद प्रमोद सिंह राजपूत, उपअभियंता, राजस्व अधिकारी, विशाल साहू, स्वास्थ अधिकारी, जिला सम्व्यक गौरव केशरवानी, स्थापना प्रभारी सपना यादव के अलावा बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

■ राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर कुम्हारी में हुआ विविध आयोजन

## लीज नवीनीकरण पर निकलेगा सम्मानजनक हल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील सिटी चेंबर के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रभारी सीजीएम दिनेश कुमार से मिलकर लीज नवीनीकरण प्रकरण के लंबित विषय सीजीएम उत्पल दत्ता के वापस आने तक विराम लगाने की मांग की है। इससे टाउनशिप के व्यापारियों को राहत मिलेगी।

चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि लीज नवीनीकरण मामले में एचडी कुमार स्वामी इस्पात मंत्री ने विगत दिनों दुर्ग सांसद विजय बघेल को आश्वस्त किया था कि इस्पात मंत्रालय स्तर पर लीज नवीनीकरण प्रकरण पर चर्चा कर सम्मानजनक हल निकाला जाएगा । बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अर्निबान दास गुप्ता भी उपस्थित थे मामले में स्टील सिटी चैंबर ने बीएसपी नगर सेवा विभाग के अधिकारियों के द्वारा की जा रही वर्तमान कार्यवाही पर रोष जाहिर करते हुए प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं से मिलने का निर्णय लिया। प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक दिनेश कुमार को स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद ने इस विषय पर पत्र शॉप पर मांग की कि जब तक प्रकरण इस्पात मंत्रालय के समक्ष विचाराधीन है, तब तक इस पूरी प्रक्रिया पर विभाग के द्वारा कोई ऐसे कार्य न किए जाए। इससे सामाजिक धार्मिक शैक्षणिक संस्थाओं के साथ व्यापारिक संस्थानों पर इसका प्रतिकूल असर पड़े। प्रतिनिधि मंडल के अधिकारियों से इस विषय पर विराम लगाने की मांग पर श्री दत्ता के अवकाश पर होने पर प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक दिनेश कुमार ने विभागीय सहमति देते हुए बताया कि जब तक मुख्य महाप्रबंधक अवकाश से वापस ना आ जाते तब तक भूमि, दुकान - लीज से संबंधित कोई भी अधिकारी कर्मचारी किसी दुकान अथवा किसी सामाजिक धार्मिक एवं शैक्षणिक भवन पर नहीं जाएगा ।

■ सीजीएम के लौटने तक दुकानों में विभागीय लोगों के न जाने की मांग



### स्टील सिटी चेंबर को मिला आश्वासन

स्टील सिटी चेंबर के सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता और महासचिव दिनेश सिंघल ने बताया कि सांसद बघेल के नेतृत्व में कैट के महासचिव सांसद प्रवीण खंडेलवाल के द्वारा उपरोक्त विषय पर दिल्ली में इस्पात मंत्री से चर्चा प्रस्तावित है । जब तक लीज नवीनीकरण प्रकरण पर इस्पात मंत्रालय का निर्णय नहीं आ जाता तब तक बीएसपी प्रबंधन को हम बाध्य करेंगे कि वे ऐसा कोई काम ना करें । प्रतिनिधि मंडल मे सुरेश रतनानी,राजीव पांडे, पीएल पाठे, डी एच सिंह, वेद प्रकाश गुप्ता सतनारायण बंछोर, अजय कनौजिया, संतोष जयसवाल,उमेश गुप्ता, पी रवि नारायण एवं प्रबंधन की ओर से दुकान लीज विभाग के अधिकारी आरके साहू, महेंद्र कुमार साहू , भूमि विभाग के अधिकारी सुनील कुमार सहित सीजीएम के प्रतिनिधि श्री गर्ग बैठक में शामिल थे।

## विश्व कल्याण की समृद्धि के लिए हुआ लक्ष्यार्चन




**कुम्हारी।** श्री अनंत विभूषित रवि शंकर महाराज द्वारा श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशंस कुम्हारी के प्रांगण में विश्व कल्याण एवं समृद्ध छत्तीसगढ़ के लिए माँ राजराजेश्वरी के 1000 नामों के जाप के साथ पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को माँ राजराजेश्वरी लक्ष्यार्चन में एक लाख से अधिक आहुतियां दी जाएगी। श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के सानिध्य में भक्ति और आध्यात्मिकता का अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य एवं अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं ने भी अपनी आहुति पूर्णिमा के अवसर पर माँ राजराजेश्वरी को अर्पित किया। आयोजित लक्ष्यार्चन से चारो दिशाओं में 'नमः नमः' जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य में सभी व्यक्तियों की उन्नति एवं राज्य कल्याण था श्रद्धालुओं द्वारा उक्त आयोजन में उपस्थित होकर आध्यात्मिकता का अनुभव किया गया। प्रशासन द्वारा लक्ष्यार्चन के लिए निःशुल्क व्यवस्था की गई जिसमे मौसमी फल, फूल तथा मेवा एवं सिन्दूर आदि थे। ग्रामीण क्षेत्रों एवं अन्य राज्य से आए श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क परिवहन की व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे में प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। ऐसा माना जा रहा है कि माँ राजराजेश्वरी लक्ष्यार्चन से श्री रवि शंकर जी महाराज के सानिध्य से प्रदेश की सामाजिक, आर्थिक एवं अध्यात्मिक रूप से उन्नति का लक्ष्य प्राप्त होगा ।

## कुश्ती टूर्नामेंट में बीएसपी अखाड़ा के पहलवान छाये रहे

**भिलाई।** इंटर कॉलेज स्टेट कुस्ती टूर्नामेंट में बीएसपी अखाडा के पहलवान छाए रहे। साइंस कालेज दुर्ग में हुई स्पर्धामें आलोक कुमार (फ्री स्टाईल-70 किग्रा) प्रथम, विजेन्द्र पाल सिंह (फ्री स्टाईल-86 किग्रा) प्रथम रहे। ग्रीको रोमन में पवन कुमार पासवान 60 किग्रा प्रथम, विशाल पांडेय-63 किया प्रथम, सचिन पासवान 77 किग्रा प्रथम, शिवशंकर पासवान 62 किग्रा प्रथम, शशांक यादव-87 किग्रा प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये पहलवान 08 जनवरी 2025 से 12 जनवरी तक हरियाणा में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन सभी पहलवानों को महाप्रबंधक जेपी सिंह और अध्यक्ष बीएसपी कुश्ती क्लब तथा कोच भगवान पहलवान, अश्विनी पांडेय एवं समस्त पहलवानों द्वारा हौसलाआफजाई की गई है।



## बेल्हारी में कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति बेल्हारी में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किसानों एवं समिति कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। समिति में उपस्थित किसान भाइयो एवं माताओं का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। जिसमें समिति प्रबंधक भूषण लाल वर्मा, लालेश्वर साहू अध्यक्ष दक्षिण पाटन मण्डल, प्राधिकृत अधिकारी रूपसिंह सिन्हा, ग्रा.कृषि विकास विस्तार अधिकारी संदीप नेताम, मनीष चंद्राकर, नेतराम निषाद, योगेश्वर चंद्राकर, नारद साहू, रोमलाल साहू, रामसिंग बंसोड़, अमित अग्रवाल, गौतम प्रसाद शुक्ला, संतोष मार्कण्डेय, अंकित शुक्ला, राकेश प्रजापति, सुरेश कुर्रे, जयंत सिन्हा, सुनिल चंद्राकर आदि उपस्थित थे।



## ओड़ारसकरी में रूक्मणी विवाह की कथा पर आध्यात्मिक विवेचना की प्रवचनकर्ता ने

# व्यक्तित्व के निर्माण में जीवन का सौंदर्य सन्निहित है: निरंजन महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम ओड़ारसकरी में देशमुख परिवार के तत्वावधान में भागवत महापुराण की कथा के माध्यम से मानव जीवन में प्रवृत्ति का चिंतन करना है। आज के परिवेश में हर कोई दूसरे को सुधारने के लिए आगे रहता है लेकिन अपने आप को नही सुधारता, जिस दिन व्यक्ति अपने आप को सुधार ले तो समूचे राष्ट्र से हो रहे आपराधिक कार्यों पर अंकुश लग जायेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने से मानव जीवन का सौंदर्यीकरण हो जाएगा। मन को निर्मल करे तन अपने आप ही निर्मल हो जायेगा, मानसिकता को परिवर्तित करना होगा तभी जीवन सुदृढ रूप से चल सकती है। उक्त संदेस ग्राम ओडारसकरी में देशमुख परिवार के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में वृंदावन लीला, रास लीला, कंसवध, रूखमणी विवाह की कथा पर आध्यात्मिक विवेचन करते हुए प्रवचनकर्ता सद्गुरु संत श्री निरंजन महाराज श्री भागवत आश्रम लिमतरा ने कहा। संत श्री ने आगे कहा जीवन का सुख दुख दोनो झूठा है सुख दुख धूप और छांव की भांति है जो पल भर में परिवर्तित होते रहती है इसलिए दोनों से ऊपर उठकर सब कुछ परमात्मा के हाथों सौंप दे। आगे संत श्री जी ने कहा आज भारत देश के अंदर गौ वध किया जा रहा है जो कि भारत माँ की माटी पर कलंक साबित हो रहा है एक माँ के ऊपर रहकर एक माँ का वध करना बहुत ही अशोभनीय है गौ समूचे राष्ट्र की माता है गौ माता का पालन हो वध नही। भगवान ने भी गौपालन कर गोपाल कहलाये। हर घर मे एक गौ माता का पालन हो। गौ माता के अंदर तैतीस कोटि देवी देवताओं का साक्षित्व होता है गौ माता की सेवा करने से तैतीस कोटि देवी देवता प्रसन्न होते है। गो वंश का वर्धन करना ही गोवर्धन लीला का सार भाव है ।

आगे महाराज ने कहा रूखमणी मंगल की कथा जीवन मंगल की कथा है जो भी कुंवारी कन्या रूखमणी मंगल की कथा सुनती है तो उसे श्री कृष्ण जैसा सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है । आयोजक परिवार के द्वारा रूखमणी कृष्ण की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई।



### आध्यात्मिक माध्यमों का उद्देश्य मनुष्य को अच्छे कर्म और विचारों से जीने के लिए प्रेरित करना है: पंडित वासुमोहन

**कुम्हारी।** निकटवर्ती ग्राम नंदौरी में 8 से 16 दिसंबर तक आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में कथावाचक पंडित वासुमोहन दुबे ने श्रोताओं से गीता के संदेशों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। कथावाचक ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कथा को गीता के संदेश के परिप्रेक्ष्य में ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक माध्यमों का उद्देश्य मनुष्य को अच्छे कर्म और विचारों से जीने के लिए प्रेरित करना है। श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन हुए कथावाचक ने कहा कि पूतना ने सुंदर स्त्री का वेश धारण करके भगवान श्री कृष्ण को दूध पिलाया था। जो जैसा दिखता है वह हमेशा वैसा ही होता है, यह जरूरी नहीं। 'पूतना' का शाब्दिक संधि-विच्छेद करने पर इसका अर्थ होता है 'जिसका कोई पुत्र न हो'। चूंकि श्री कृष्ण ने पूतना के स्तन से दूध पिया था, इसलिए पुतना के शव का दाह संस्कार करते समय सुगंधित धुआँ उठा था। भगवान प्रेम के भूखे हैं। कथावाचक ने आगे कहा कि गाँवों में आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत और रामायण जैसे धार्मिक कार्यक्रमों को केवल एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं समझना चाहिए। इनका उद्देश्य समाज में सद्भावना और एकता का वातावरण बनाना है। यह आयोजन बंछोर परिवार द्वारा स्वर्गीय दल्लु राम बंछोर और स्वर्गीय भूखी बाई बंछोर की स्मृति में किया गया। इस आयोजन में विगत 14 दिसंबर को कवि हेमलाल साहू ने अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को भावुक कर दिया।



सिटी इवेंट

## सीआईएसएफ को वाद-विवाद में ओवर ऑल सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब



**भिलाई।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने 29वीं अंतर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल वाद-विवाद प्रतियोगिता में ओवर ऑल सर्वश्रेष्ठ टीम रोलिंग ट्रॉफी जीता है। जिसका आयोजन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के तत्वावधान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा नई दिल्ली में किया गया था। तीन चरणों में आयोजित की गई प्रतियोगिता में सभी आठ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, एनएसजी, आरपीएफ और असम राइफल्स ने भाग लिया था। सीआईएसएफ द्वारा इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को 10वीं बार जीत हासिल की है, जो बल के निरंतर बेहतर प्रदर्शन और बौद्धिक क्षमता को भी प्रदर्शित करता है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के सदस्यों के लिए मानवाधिकार मुद्दों के बारे में अपने ज्ञान और समझ को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करती है।

### यह रहे विजेता

हिंदी भाषा वर्ग में उपनिरीक्षक राहुल कुमार और सहायक कमांडेंट कान्हा जोशी ने दूसरा और तीसरा स्थान और सहायक कमांडेंट अक्षय बडोला व सहायक कमांडेंट भास्कर चौधरी ने अंग्रेजी भाषा वर्ग में दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट वक्ता कौशल, गहन शोध और मानवाधिकारों की गहरी समझ के कारण सीआईएसएफ टीम की जीत हुई। राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी (निसा) में उनके प्रशिक्षण ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।एनएचआरसी वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में ज्योतिका कालरा, एनएचआरसी की पूर्व सदस्य, निर्णायक मंडल के सदस्य प्रो. डॉ. जीएस बाजपेयी, एनएलयू दिल्ली के वीसी और डॉ. ईश कुमार शामिल थे। यह उपलब्धि मानवाधिकारों के प्रति सीआईएसएफ के समर्पण, जागरूकता को बढ़ावा देने और अपने समस्त पद के भीतर बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। यह सीआईएसएफ कर्मियों की उल्लेखनीय प्रतिभा और समर्पण को भी उजागर करता है, जो अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों के अलावा, महत्वपूर्ण सामाजिक मूल्यों के प्रचार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

केंद्रीय विद्यालय संगठन का 62वां स्थापना दिवस समारोह

# नाटक, बिहू व भांगड़ा नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों ने किया रोमांचित, पूर्व छात्र और सेवानिवृत्त शिक्षक हुए सम्मानित



**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन के 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन कर उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस, बिहू नृत्य, कला आधारित शिक्षण नुक्कड़ नाटक, पंजाबी ग्रुप डांस कर सभी को रोमांचित कर दिया। समारोह में बड़ी संख्या में सेवानिवृत शिक्षक एवं पूर्व छात्रों की भागीदारी रही।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असिस्टेंट कलेक्टर एम भार्गव आईएएस थे। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने अपने स्वागत भाषण में केंद्रीय विद्यालय संगठन की विशेषताओं और उसके 62 वर्षों की गरिमा पूर्ण यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जानी जाती है।




### कभी विद्यार्थी रहे अब वही बने शिक्षक, किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा भरतनाट्यम, स्वागत गीत, एक्शन सॉन्ग, ग्रुप डांस, बिहू डांस, कला आधारित शिक्षण नुक्कड़ नाटक, पंजाबी ग्रुप डांस आदि प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन उषा शर्मा, रेशु काकरान, डॉ अजय आर्य ने किया। केंद्रीय विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने के बाद उसी विद्यालय में ही शिक्षक के रूप में कार्य करने वाली उषा शर्मा, बिंदु सिवराजन, प्रतिष्ठा मिश्रा, एसवीएस गायत्री एवं रोशनी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### पूर्व छात्रों ने रखे अपने विचार

विद्यालय की पूर्व छात्रा आराधना, एपीओ बिलासपुर रूहीना तुफैल खान ने अपने विचार रखने हुए कहा कि अपना परिचय कहीं भी एक के वि एन के रूप में देने में अधिक गर्व महसूस करते है। यहां अपने शिक्षकों के बीच खड़े होकर हमें बहुत ही अच्छा लग रहा है। इस विद्यालय ने मुझे बहुत कुछ दिया है। यहां पढ़ने वाले प्रत्येक विद्यार्थी से कहा कि वे केंद्रीय विद्यालय में पढ़कर एक योग्य नागरिक बनने के अपने संकल्प को रोज दोहराएं।

### सेवानिवृत शिक्षक उपस्थित रहे

डॉ. अजय आर्य ने सेवानिवृत शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा एक दूसरे से रूबरू होने की कोशिश करनी चाहिए। क्योंकि अब तुम दूर से पूछोगे तो खैरियत ही कहूंगा। केंद्रीय विद्यालय दुर्ग से सेवानिवृत हुए सुनंदा खरे, पतिराम साहू, अनीता भारद्वाज, मीनाक्षी अग्रवाल, स्वर्णा नायर, सुभाषिनी धीमन, गुलवीर गुजराल, वीणा पाणीभट्टाचार्य, सुभाषिनी धीमान सहित सभी शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद दिया। समारोह में सभी शिक्षकों व स्टाफ ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

### असिस्टेंट कलेक्टर हुए भावुक






2023 बैच छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस तेलंगाना निवासी एम भार्गव केंद्रीय विद्यालय पहुंचकर भावुक हुए। उन्होंने कहा कि मैं यहां कोई ब्यूरोकेट ऑफिसर होकर के नहीं आता हूं बल्कि मैं अपने पुराने दिनों को याद करता हूं, जो मैंने केंद्रीय विद्यालय में बिताएं हैं। मुझे यहां महसूस होता है कि मेरे शिक्षक मुझे किसी न किसी रूप में आशीर्वाद दे रहे हैं। उन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। कर्म प्रधान होकर फल की इच्छा न करे। छात्रों को मेहनत करके अपनी योग्यता को निखारने की कोशिश करती चाहिए। परिश्रम करने वाला कभी असफल नहीं होता।

सिटी इवेंट

## मेंहदी, रंगोली, पेंटिंग व पोस्टकार्ड में दर्शाई सालभर की उपलब्धियां



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला हाऊसिंग बोर्ड के शाला प्रांगण में छत्तीसगढ़ शासन- सुशासन शीर्षक के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सीएसी हाउसिंग बोर्ड प्रशांत पांडेय द्वारा सरकार की योजनाओं की विस्तृत चर्चा तथा सरकार की वर्ष भर की उपलब्धियां का उल्लेख छात्रों के समक्ष किया गया। इस दौरान एक साल की उपलब्धियो और योजनाओं से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें चेतना साहू प्रथम, पूर्वी निर्मलकर द्वितीय तथा आदित्य सिंह तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने सरकारी योजनाओं को प्रस्तुत किया। एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर प्रसन्नता प्रदर्शित करने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता भी रखी गई, जिसमें छात्राओं ने बढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन सुशासन के नारे लगाए। पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता में छात्रों ने सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा नई-नई योजनाओं को लाने और छत्तीसगढ़ राज्य को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाने की बात कही। पोस्टकार्ड लेखन में अंकित प्रथम स्थान पर रहे। प्राथमिक शाला प्रधान पाठक वैद्य तथा पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक, सुमनलता वर्मा ने सभी गतिविधियों का अवलोकन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



प्रवचन...

## भगवान को पाने के लिए संसार से मानसिक विरक्त होना आवश्यकः धामेश्वरी देवी

**भिलाई।** जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा बड़ा दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में चल रहे दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के सातवें दिन संसार के स्वरुप को आगे विस्तार में समझाया गया है। देवी धामेश्वरी ने वेदों के द्वारा यह भी प्रमाणित किया कि भगवान को पाने के लिए संसार से मानसिक विरक्त होना आवश्यक है और यह समझना जरुरी है कि संसार में कोई हमारा नहीं है। जब तक किसी से स्वार्थ रहता है वहां पर प्रेम हो जाता है और जब किसी का स्वार्थ हानि दिखता है तो वहां लड़ाई झगड़ा शुरु हो जाता है। इसी प्रकार जब तक हम किसी के भी अनुकूल होगें तब तक वो हमारा बना रहेगा और जब प्रतिकूल हो जायेंगे तो वो हमारा दुश्मन बन जाएगा और इस व्यवहार को हम दिन रात अपने रिश्तेदारों में, नातेदारों में, पडोसी में, दोस्तो के साथ करते हैं, देखते हैं और स्वयं भी भोगते हैं। तो इसलिए संसार में किसी का किसी से पट नही सकता। क्योंकि किसी को परमानंद नहीं मिला है सभी अपूर्ण हैं इसलिए जब तक भगवान को पा नहीं लेते तब तक यह आचरण बना रहेगा। यह भी समझना आवश्यक है कि इस संसार में तो, क्या बड़े-बड़े स्वर्गादिक लोकों में कही भी आनंद नही है। क्योंकि अगर सुख होता तो संसार में सभी सुखी होते और कोई भी भ्रष्टाचार आदि का शिकार न होता। दूसरी बात यह है कि सांसारिक भौतिकवाद जितना कम होगा उतना ही हम ईश्वर की



ओर प्रेरित होंगे और जितना आध्यात्मवाद बढ़ेगा उतना ही हम सुखी रहेंगे क्योंकि सुख भीतर की वस्तु है। बहिरंग भौतिक वस्तुओं से हम अंतरंग स्तर पर सुखी नही हो सकते इसलिए आजकल का जो संसार है वो बाहर से सुखमय दिखाई पड़ता है वह केवल दिखावा और छलावा मात्र है। जब ईश्वर की भक्ति हम करते हैं यानि ईश्वर को ही अपना मानेंगे भीतर से और संसार में व्यवहार मात्र करेंगे डयूटी मात्र करेंगे तभी हमें मानसिक सुख मिल सकता है। इसी प्रकार जब संसार हमारा नहीं है तो उसके लिए हम समय व्यर्थ कर रहे हैं हमें अधिक से अधिक समय भगवान को जानने में ही व्यतीत करना चाहिए जिससे मानसिक स्तर पर हम सुख पाये और हमारे परिवार एवं समाज में सुख सम्मृद्धि आये। प्रवचन का समापन श्री राधा कृष्ण की भव्य आरती के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 20 दिसम्बर तक रोज शाम 6 से रात 8 बजे तक होगा।

**ग्यारह दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन**

पंचशील बुद्ध विहार खुर्सीपार में आयोजन

## अंधश्रद्धा व व्यसन मुक्त व्यक्ति ही भारत का सच्चा नागरिकः गायकवाड़



**भिलाई।** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंधश्रद्धा निर्मूलन शिविर पंचशील बुद्ध विहार खुर्सीपार भिलाई मे आयोजित किया गया था। इस अवसर पर दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया मुंबई के राष्ट्रीय सचिव व छ.ग. राज्य प्रभारी बी.एच.गायकवाड़, एस.एस.वानखेड़े केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग, अनिल मेश्राम प्रदेश अध्यक्ष दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया छग एवं नरेन्द्र खोब्रागड़े प्रदेश महासचिव, एडवोकेट मनोज मून प्रदेश कोषाध्यक्ष, संतोष भीमटे प्रदेश सचिव, बुद्धशरण बोरकर जिला अध्यक्ष व राजू मेश्राम जिला महासचिव तथा भागवत शेंडे अध्यक्ष पंचशील बुद्ध विहार समिति खुर्सीपार उपस्थित थे। इस अवसर पर अनेक बौद्ध उपासक उपासिकाऐ उपस्थित रही। शिविर के प्रारंभ मे अतिथियो द्वारा तथागत गौतम बुद्ध एवं डा.बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री गायकवाड़ ने कहा कि किसी भी बात पर आंख मूंदकर विश्वास करना, पाखंड, आडंबर, जादू टोना को मानना और उसका अनुसरण करना अंधश्रद्धा है इसके अलावा व्यसन भी व्यक्ति के विकास मे बाधक होता है। औषधि ही किसी भी बीमारी का इलाज कर सकती है, विज्ञान पर आधारित बौद्ध धम्म व उससे संबंधित संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा समूचे समाज से अंधविश्वास दूर करने का राष्ट्रव्यापी प्रयास किया जा रहा है। एस.एस.वानखेड़े ने कहा कि दुनिया मे पाप पुण्य और भाग्य जैसी कोई चीज नही है, व्यक्ति के कुशल कर्म उसे सुखद परिणाम देते है और अकुशल कर्म दुखद परिणाम देते है। कर्म ही सच्ची पूजा होती है कोई भी यज्ञ या हवन कर्म के फल को प्रभावित नही कर सकता है। अंत मे अनिल मेश्राम ने कहा कि संस्था के विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण शिविर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयो व दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रो मे आयोजित कर जागरुकता लाने के प्रयास किये जायेंगे। शिविर का संचालन भागवत शेंडे व इंदु उके ने तथा आभार प्रदर्शन प्रकाश श्यामकुंवर ने किया। इसके पूर्व संपन्न प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मे रायपुर निवासी यशवंत ठाकरे को प्रदेश संगठन सचिव के पद पर नियुक्त किया गया तथा बालोद, मानपुर मोहला चौकी, जगदलपुर और दंतेवाड़ा जिले मे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। शिविर मे अनेक बौद्ध उपासक उपासिकाऐ व सामाजिक प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### तकनीक और व्यावहारिक जीवन का दिया व्याख्यान





**भिलाई।** शासकीय डॉ वामन वासुदेव कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग के समाजशास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान में कल्याण महाविद्यालय के समाजशास्त्र के सहायक प्राध्यापक विषय विशेषज्ञ डॉ केएन दिनेश उपस्थित थे। डॉ दिनेश ने अपने व्याख्यान में सामाजिक अनुसंधान की प्रक्रिया, तकनीक और व्यावहारिक जीवन में उसके महत्व को बारिकी से छात्राओं के बीच रखा। डॉ दिनेश ने छात्राओं की जिज्ञासा और सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम का संचालन माजदा खातुन, सहायक प्राध्यापक ने किया तथा आभार प्रदर्शन समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मोनिया राकेश ने किया।

भरर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के 10 दिवसीय शिविर का हुआ समापन

# एचआईवी, डिजिटल जागरुकता और अपने आसपास सफाई रखने लिया संकल्प, बौद्धिक चर्चा कर ग्रामीणों को किया प्रेरित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर, भरर के राष्ट्रीय सेवा योजना के 10 दिवसीय शिविर का ग्राम पौहा में समापन हुआ। रासेयो के इस शिविर का उद्देश्य ग्राम पौहा के लोगों के साथ विद्यार्थियों में भी समाज के कार्यों को संकल्पबद्ध होकर करने की भावना रही। दस दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों ने स्वच्छता के कार्यो के साथ एड्स के प्रति जागरूकता, नशा मुक्त राज्य, भय रहित वातावरण, उद्यमिता विकास, विद्यार्थियों की अच्छी शिक्षा, व्यक्तित्व विकास, तकनीकी ज्ञान आदि विषयों के लिए ना सिर्फ स्वयं कार्य किया बल्कि बौद्धिक चर्चा के माध्यम से गांव वालों को भी प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शिखा अग्रवाल ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को देश और समाज के लिए सोचने की भावना जीवित रखने पर बल दिया। उन्होंने आगे भी राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को पहले से बेहतर कार्य करने की प्रेरणा दी।



### अधिकारियों को देंगे ग्राम की सर्वे रिपोर्ट

10 दिवसीय शिविर विद्यार्थियों ने ग्रुप में विभाजित होकर अलग अलग प्रभागों में अपनी भूमिका को कुशलता से निभाया। स्वच्छता, अनुशासन, परियोजना, भोजन, कार्यक्रम, क्रीड़ा, सांस्कृतिक सर्वे प्रभारियों ने अपने कार्यो को तन्मयता से पूरा किया। संपूर्ण अवधि में स्वास्थ्य विभाग, कृषि महाविद्यालय, समाज कल्याण विभाग, बैंक और वित्तीय अधिकारियों, महिला उद्यमिता के प्रमुख जनों ने अपना योगदान दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने प्रभारी चेतना सोनी व मनोज यादव के निर्देशन में कार्य किया। ग्राम सर्वे के आधार पर बनी रिपोर्ट को आगे अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा।

### न्योता भोज मे किया गया पुरस्कृत


आयोजन के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई, गड्ढों को भरने, पौधा रोपण तथा एचआईवी जागरूकता पर रेड रिबन, नुक्कड नाटक, सीनियर सिटीजन सम्मान, स्वच्छता रैली जैसे कार्यों को पूरा किया। शिविर निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संयोजक डॉ जेनेद्र दीवान ने विद्यार्थियों को लगातार अच्छे कार्यों में शामिल होकर व्यक्तिव विकास की बात कही। शिविर अवधि में ग्राम पौहा के सरपंच श्रवण ठाकुर, सचिव नरेश पटेल और शाला प्राचार्य खिलेश साहू ने अपना सहयोग प्रदान किया। एन.एस.एस. के विद्यार्थियों ने ग्राम पौहा के प्राइमरी, आंगनबाड़ी विद्यार्थियों को अंतिम दिन न्योता भोज के लिए आमंत्रित किया और उनकी प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कृत भी किया। ग्रामीणों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

शिविर में नीता कुम्भारे, रजनीशकांत तिवारी, डॉ. नरेशधर दीवान, डॉ आबिद हसन खान, ऐश्वर्य सिंह ठाकुर, मनोज कुमार यादव सहित एन.एस.एस. विद्यार्थियों मे डामिन, धनेश, भारती, चन्द्रकला, शोभित, लक्ष्मी, दिव्या थानेश्वर, समीर आदि विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। एन.एस.एस. प्रभारी चेतना सोनी ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और डिजिटल साक्षरता के उद्देश्य के अनुसार कार्य को करने के लिए आश्वासित किया। सभी विद्यार्थियों को वार्षिकोत्सव में विशेष कार्यों के लिए पुरस्कृत और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# हरिभूमि
## रायपुर संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

हरिभूमि 23 Years ANNIVERSARY


**नटवर ताम्रकार**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद अहिवारा जिला दुर्ग


**रेखराम बंछोर**
पार्षद वार्ड -3
पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल


**श्रीमती सरोजनी चन्द्राकर**
पार्षद वार्ड - 4
पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल


**जोगेश्वर सोनी**
अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल


**करीम खान**
महामंत्री
जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण


**श्रीमती रामप्यारी वर्मा**
पार्षद वार्ड - 10
पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद जामुल


**शिवा यादव**
पूर्व पार्षद वार्ड - 23
भिलाई नगर निगम


**ध्रुव कुमार गुप्ता**
प्राधिकृत अधिकारी
कृषक सेवा सहकारी समिति मर्या. कोहका भिलाई


**रविन्द्र भारती**
उप सरपंच
ग्राम पंचायत कुटेलाभाठा विकास खण्ड दुर्ग


**के. राजू**
पार्षद वार्ड - 15
राजीव नगर नगर पालिका परिषद जामुल


**सोनू यादव**
अध्यक्ष
भाजयुवा मोर्चा मंडल जामुल


**संजय देशलहरे**
पार्षद वार्ड - 6
पुरानी बस्ती नगर पालिका परिषद जामुल


**अंजेश अग्रवाल**
अध्यक्ष
व्यापारी संघ जामुल


**हरिश वर्मा**
पूर्व उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद जामुल


**प्रशांत कुमार गौतम**
सरपंच
ग्राम पंचायत जेवरा विकास खण्ड दुर्ग


**पप्पु मेश्राम**
संचालक
श्री जीवनदायनी हॉस्पिटल नंदनी रोड जामुल


**मेघनाथ साहू**
पूर्व पार्षद - नपाप जामुल
जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा भाजपा


**कमलेश साहू**
कोषाध्यक्ष : भिलाई वैश्य तेली समाज
सचिव : ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल


**जय प्रकाश यादव**
प्रदेश अध्यक्ष छतीसगढ़
अखिल भारतीय यदुवंशम महासभा



**तुमसिंग साहू**
प्रो. रूपाली सर्विसिंग सेंटर व
श्री साहू आटो पार्टस लक्ष्मीपारा नंदनी रोड जामुल

# अजय न्यूज & एड एजेंसी
जामुल भिलाई नगर - मो. 9302832395

संकलनकर्ता
पन्ना लाल यादव



# हरिभूमि भिलाई संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY






## खबर संक्षेप



### पादुका पूजन व कलश यात्रा निकाली गई

दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू की संस्था द्वारा भगवान नाम कीर्तन करते हुए भव्य संकीर्तन कलश यात्रा चिखली से निकाली गई। पूरे गांव में यात्रा घुमा कर संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी में समापन की गई। सभी बापू के हरि ओम साधक भाई और बहन बड़े ही उत्साह के साथ भगवान नाम कीर्तन में झूमते हुए चल रहे थे। आश्रम परिसर में पूज्य गुरु जी द्वारा स्पर्श मिट्टी और जल का पूजन, बड़दादा में किया गया। सभी बड़दादा की परिक्रमा और संत के जीवन पर आधारित आसारामयण पाठ भी किए। अंत में आरती व महाप्रसादी वितरण के साथ समापन किया गया। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ द्वारा दी गई।

### युवा चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन 21 को

दुर्ग। 21 दिसंबर से लेकर के 27 दिसंबर तक होने वाले शीतकालीन युवा चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन आर्य समाज मंदिर आर्य नगर परिसर में आयोजित किया गया है। युवा चरित्र निर्माण शिविर आर्य वीर दल का प्राथमिक अभ्यास वर्ग जिसे संभाग स्तर पर दुर्ग में लगाया जाएगा। शिविर अध्यक्ष अरुण कुमार आर्यवीर होंगे। अरुण कुमार के निर्देशन में शिविरार्थियों में अनुशासन और अनुशासन के साथ देशभक्ति की भावना भरी जाएगी। साथ ही साहिल आर्य व्यायाम शिक्षक रहेंगे। वे शिविरार्थियों को व्यायाम के माध्यम से अनुशासन सीखने का कार्य करेंगे। इस पूरे कार्यक्रम में शिविरार्थियों को सामाजिक कार्यों को सेवा के रूप में करना सिखाया जाएगा। शिविर में 150 से अधिक शिविरार्थी शामिल होंगे। अंत में होने वाले परीक्षा में जिन छात्रों द्वारा परीक्षा पास की जाएगी उन्हें सर्टिफिकेट दे कर आर्यवीर उपाधि दी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन आर्य समाज मंदिर आर्य नगर के पदाधिकारियों द्वारा होगा। प्रधान संजय आर्य, मंत्री मनोज आर्य, संयोजक कृष्णमूर्ति आर्य, जिला मंत्री हिमांशु आर्य, संभागीय संचालक इंद्र कुमार आर्य, सहायक संयोजक मनोज ठाकरे एवं पुरोहित अंकित शास्त्री रहेंगे। शिविर का आयोजन आर्य वीर एवं वीरांगना दल दुर्ग भिलाई द्वारा किया जाएगा।

### प्लेसमेंट कैम्प 20 को

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग द्वारा जिले में नियोजक द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 20 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक इवेन कार्गो में 30 पदों एवं एएस सिक्यूरिटी सर्विस में 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

# मितानिनों ने खोला मोर्चा, अनिशिचतकालीन हड़ताल से सेवाएं ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न योजनाओं में कार्य करने वाले जिले की बारह सौ मितानिन बहनों ने राज्य शासन के खिलाफ मोचा खोल दिया हैं। अनिश्चितकालीन हडताल से पहले दिन जिलेभर में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ठप रही। वहीं आगामी दिनों शहर और गांव में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होगी।

जिलेभर की सैकडों मितानिनों द्वारा हिन्दी भवन के सामने सोमवार को धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के सभी जिलो में अनिश्चितकालीन हडताल शुरू कर दिया गया हैं। ये मितानिन बहने एनएचएम और एसएचआरसी की योजनाओं में कार्य करती हैं।

उनके हडताल पर जाने से गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक ले जाने की सुविधा नही मिलेगी, वहीं केन्द्र के आयुष्मान कार्ड बनाने चल रहा सर्वे भी बाधित होगा। वर्तमान में केन्द्र की निक्षय निरामय अभियान में प्रभावित होगा। संघ के महिलाओं ने बताया कि, ब्लाक कोर्डिनेटरों को पिछले दो माह से वेतन नही मिला हैं। यही नही मितानिनों को भी दो माह से वेतन का अभाव हैं।

## हिंदी भवन के सामने जुटीं 12 सौ से अधिक मितानिनें, की जमकर नारेबाजी

### घोषणा पत्र में किए वादे दिलाए याद

जिला मितानिन संघ की अध्यक्ष दुर्गा रानी ने बताया कि, पूर्व में जिले स वेतन जारी होता था, लेकिन पिछले दिनों से इसे राज्य से लागू कर दिया गया हैं। जिसके चलते तकनीकि समस्याओं की सुनवाई नही हो रही हैं। उन्होने बताया कि, पूर्व में एचआर राशि भी बढाई गई, जिसका लाभ एनजीओ द्वारा नही दिया गया हैं। उन्होने बताया कि, यह हडताल जब तक मांग पूरी नही होगी तब तक जारी रहेगी। उन्होने बताया कि, राज्य शासन द्वारा विघानसभा चुनाव के पहले घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा नही किया गया हैं।



### इन मांगां को लेकर हड़ताल पर मितानिन

संघ ने सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लाक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, एरिया कोर्डिनेटर तथा मितानिन हेल्प डेस्क फैसिलेटर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलियन की मांग की जा रही हैं। वही एसएचआरसी एनजीओ के साथ काम नही किए जाने और बकाया वेतन जारी करने की मांग की जा रही है। हिन्दी भवन के सामने विभिन्न मांगों को लेकर भजन और गाने गाकर सरकार तक पहुंचाई गई।

## राहत : ऑनलाइन सर्च और नकल सुविधा शुरू करने की चल रही तैयारी

# बी-वन नक्शा खसरा की तरह अब रजिस्ट्री कागज भी मिलेंगे ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भुईया सॉफ्टवेयर में बी 1 नक्शा, खसरा की तरह अब लोगों को रजिस्ट्री कागज की नकल ऑनलाइन मिलने लगेगा। इसके लिए राज्य शासन द्वारा पिछले 30 साल के रिकॉर्ड को सॉफ्टवेयर में ऑनलाइन किया जा रहा है। इस पहल के बाद लोगों को जमीन विवादों से निपटने अब पलभर में रिकॉर्ड उपलब्ध हो जाएगा। राज्य शासन द्वारा प्रदेशभर के रिकॉर्ड को ऑनलाइन करने एक निजी कंपनी को ठेका दिया गया है। इस स्कीम के अमल में आने के बाद लोगों को घर बैठे रजिस्ट्री नकल की कॉपी मिल जाएगी।

जिला उप पंजीयक बीएस पिसदा ने बताया कि, आगामी दिनों लोगों को ऑनलाइन रजिस्ट्री नल की सुविधा मिलेगी। इसके लिए राज्य के सभी जिलों में रिकार्ड दुरुस्त किया जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनता को ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें देने तथा उन्हें लाभान्वित करने के लिए कई सुधार कार्य किये जा रहे हैं। अफसरों ने बताया कि, नागरिकों की सुविधा और पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से पंजीयन विभाग में ऑनलाईन सर्च और नकल की सुविधा शुरू की जाएगी। जिसके तहत अब संपत्ति संबंधी रजिस्ट्री की जानकारी और सत्यापित प्रति (नकल) घर बैठे ऑनलाइन प्राप्त की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा रजिस्ट्री में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। जिसके तहत घर बैठे रजिस्ट्री करने पर 25 हजार देने होंगे, वही इसके अलावा तत्काल रजिस्ट्री की सुविधा के लिए 15 देने की योजना तैयार की गई है। यही नहीं अब दूसरे ओपन जिया क्षेत्र में रजिस्ट्री करने पर 25 हजार पहले जमा करना होगा।

### संपति संबंधी धोखाधड़ी रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



### सर्च रिपोर्ट देने मिलेगी सहूलियत

अफसरो ने बताया कि, यह सुविधा न केवल आम जनता के लिए बल्कि वित्तीय संस्थाओं और अन्य हितधारकों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी। बैंक और वित्तीय संस्थान संपत्ति के विरुद्ध ऋण देते समय सर्च रिपोर्ट की मांग करते हैं। अब वे भी एक क्लिक के जरिए यह जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और आवश्यक रजिस्ट्री की प्रति डाउनलोड कर सकेंगे। इस नई सुविधा संपत्ति क्रय-विक्रय से पहले सही जानकारी प्राप्त कर धोखाधड़ी से बचाव के साथ ही रजिस्ट्री खो जाने या अन्य कारणों से उसकी सत्यापित प्रति आसानी से उपलब्ध कराने में सहायक होगा। इसी तरह रजिस्ट्री ऑफिस में भीड़भाड़ कम होने से लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और नागरिकों को संपत्ति संबंधी मामलों में सूचनाप्रद निर्णय लेने में सहायता मिलेगी।

**चल रही तैयारी**

"रजिस्ट्री नकल के लिए राज्य स्तर से तैयारी चल रही है। पिछले 30 साल के रिकॉर्ड को ऑनलाइन एंट्री की जाएगी। इसके बाद ही आम लोगों को यह सुविधा मिलेगी। **-बीएस पिसदा,** उप पंजीयक, दुर्ग

### धोखाधड़ी से पहले मिल जाएगी जानकारी

इस नई सुविधा से नागरिक संपत्ति क्रय-विक्रय से पहले उसकी रजिस्ट्री और संबंधित लेन-देन का विवरण आसानी से देख सकेंगे। किसी भी संपत्ति को खरीदने से पहले इच्छुक व्यक्ति निर्धारित शुल्क जमा कर पक्षकार का नाम, ग्राम, खसरा नंबर आदि दर्ज कर उस संपत्ति से संबंधित सभी रजिस्ट्री दस्तावेज़ों को खोज सकते हैं। इसके अलावा, लोग ऑनलाइन सत्यापित रजिस्ट्री की प्रति (नकल) भी डाउनलोड कर सकेंगे, जिससे रजिस्ट्री ऑफिस के चक्कर काटने की जरूरत खत्म हो जाएगी और भीड़भाड़ में भी कमी आएगी।राज्य में डिजिटल फसल सर्वेक्षण खरीफ वर्ष 2024 का कार्य राज्य के 20,222 ग्रामों में से पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में 2700 ग्रामों के कुल 26,05,845 खसरों का डिजिटल सर्वेक्षण का लक्ष्य रखा गया था। निर्धारित लक्ष्य में से 24,22,897 खसरा नंबरों का सर्वे पूर्ण किया जा चुका है एवं 23.96,793 खसरा नंबरों का सत्यापन कार्य किया जा चुका है। इस प्रकार निर्धारित लक्ष्य अनुसार 93 प्रतिशत खरीफ खसरो का डिजिटल सर्वेक्षण किया गया है।

## ठंडी हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, दो दिन शीतलहर चलने का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



- दुर्ग में रात का पर 9 डिग्री से नीचे चल रहा

प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। जिसके कारण तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। रविवार को न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। यह इस साल का सबसे ठंडा दिन भी कहा जा सकता है। वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिनों दुर्ग संभाग में शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया है।

इस दौरान ठंड से बचने की सलाह दी गई है। बताया गया कि प्रदेश के उत्तरी भाग में एक-दो पैकेट में शीतलहर चल रही है। साथ ही साथ उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ पैकेट में शीतलहर जैसी स्थिति बना हुआ है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। है, किंतु बिलासपुर में 1.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश के सरगुजा संभाग और दुर्ग संभाग के जिलों में एक-दो पैकेट में शीतलहर चलने अथवा शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है। प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। जिसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के सरगुजा संभाग के उत्तरी भाग और दुर्ग संभाग के उत्तरी जिलों में एक-दो पैकेट में शीतलहर चलने अथवा शीतलहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## विधानसभा सत्र के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

दुर्ग। छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम विधानसभा का चतुर्थ सत्र सोमवार 16 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024 तक निर्धारित है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सत्र के दौरान विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तैयार करने, ध्यानाकर्षण, शून्यकाल आदि के लिये जिले के अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित कर त्वरित गति से जवाब भेजने के लिये अपर कलेक्टर अरविन्द कुमार एक्का को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक नोडल अधिकारी विधानसभा प्रश्नों की जानकारी समय-सीमा के भीतर प्राप्त कर नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे

## जमीन की मुआवजा राशि दिलाने कृषक ने की मांग

दुर्ग। कलेक्टर जनदर्शन में सोमवार को 125 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान ग्राम मातरोडिह निवासी ने मुआवजा दिलाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि खेत में पावरग्रीड कम्पनी द्वारा टावर लगाया जा रहा है, जिससे खेत का पूरा हिस्सा प्रभावित हो रहा है। आज दिनांक तक मुआवजा राशि प्रदान नहीं की गई है। कुरूद भिलाई निवासी कृषक ने नक्शा बटांकन में सुधार हेतु आवेदन दिया। समस्त स्वास्थ्य मितान ने तीन माह का वेतन भुगतान कराने आवेदन दिया। सभी शासकीय अस्पतालों एवं जिला अस्पतालों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य मितान अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मासिक वेतन का भुगतान फैमिली हेल्थ प्लान एवं इंसुरेंस कंपनी द्वारा प्रदान किया जाता है। स्वास्थ्य मितान का वेतन भुगतान विगत 3 माह से नियमित रूप से नही किया जा रहा है। वेतन भुगतान नहीं किए जाने के कारण आर्थिक व मानसिक कष्टों का सामना करना पड़ रहा है। नियमित वेतन भुगतान के अभाव में परिवार का खर्च चलाने में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने शिविरों का आयोजन किया जाता है, किंतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता एवं मोबाईल इंटरनेट प्रदान नही किया जाता है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# मंडल अध्यक्षों के नामों पर लगी अंतिम मुहर घोषणा के बाद जिलाध्यक्ष की होगी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- रविवार को सर्किट हाउस में चली मैराथन बैठक में निर्णय

भाजपा के संगठन चुनाव में मंडल अध्यक्ष स्तर तक के चुनाव की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है, तीन-तीन नाम के पैनल पर रविवार की देर रात जिला कोर कमेटी ने विचार विमर्श कर एक-एक नाम तय करके प्रदेश को भेज दिया है। अब केवल नाम की घोषणा होने की औपचारिकता बची है।

दुर्ग जिला संगठन के तेरह मंडलों में अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी हैं। जिसमें धमधा व बोरी, दुर्ग के कसारीडीह व पाटन में दरबार मोखली मंडल में नाम तय नही हो पाए है। यहां खिंचतान के कारण पैनल के नाम तय नही हुए है। बाकी मंडलों में एक नाम




लाक हो गए हैं। इसके बाद सबसे अहम कड़ी में जिला अध्यक्ष के प्रतिष्ठा पूर्ण पद के लिए नाम तय होना है, जिसके लिए राष्ट्रीय और प्रदेश आलाकमान ने जिस प्रकार की शर्तें तय की है। उसमें जिला अध्यक्ष 45 से 60 वर्ष तक के ही व्यक्ति को बनाया जाएगा तथा उसका पूर्व या वर्तमान में जिला पदाधिकारी होना भी अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा किसी प्रकार की पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल नहीं होने और उसके द्वारा सोशल मीडिया में किसी प्रकार की पार्टी के विरुद्ध पोस्ट डालने का मामला नहीं होना चाहिए।

### कई वरिष्ठ नेता होंगे किनारे

आलाकमान ने जिला अध्यक्ष के लिए न्यूनतम चालीस और अधिकतम साठ वर्ष तय किए गए है। ऐसे में जिला अध्यक्ष के पद पर नजर गढाए कई वरिष्ठ नेता किनारे हो जाएंगे। पार्टी के सत्ता में आने के बाद से ही पार्टी के पुराने नेताओं की नजर जिला अध्यक्ष पद पर थी। लेकिन अब ऐसे नेता उम्रदराज होने के कारण रेस से बाहर हो गए हैं। इसी कड़ी में दुर्ग के जिला अध्यक्ष पद के लिए नए चेहरों पर अब गंभीरता से मंथन होगा।

## वार्डों का आरक्षण 19 को

दुर्ग। नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024 हेतु छत्तीसगढ़ नगर पालिका अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण नियम 1994 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानानुसार नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के वार्डों के आरक्षण 19 दिसंबर को दोपहर 4 बजे जिला कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में होना है। इस संबंध में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने परिपत्र जारी किया है।







## विधानसभा चुनाव पूर्व किए वादों को निभाने में राज्य सरकार सफल

# सालभर के कार्यकाल की विधायक ने गिनाई उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- विधायक गजेंद्र यादव ने दी पत्रवार्ता में जानकारी

13 दिसंबर को प्रदेश सरकार की एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ''सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल विषय पर विधायक गजेन्द्र यादव ने पत्रकार वार्ता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियां पूरी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन से मीडिया को अवगत कराया।

विधायक ने कहा सरकार का पहला साल पूरा हो गया है। हमारा यह पहला साल आप सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के अनेक नये आयाम स्थापित किए हैं। इस एक साल में हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की, हमारी प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर हमने राज्य के बैगा, गुनिया, सिरहा को सालाना पांच-पांच हजार रुपए की सम्मान निधि दी जाएगी। बस्तर में पर्यटन कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के गठन से भी राज्य में पर्यटन के विकास की संभावनाओं को बल मिला है। राज्य में पांच शक्ति पीठों का विकास किया जा रहा है। हमारी नई उद्योग नीति से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भी विकास की नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। पिछले एक वर्ष के दौरान प्रदेश में नक्सलवाद का तेजी से उन्मूलन किया गया है। सरकार ने दो साल में छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया करने का संकल्प लिया है। बीते एक वर्ष में 213 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। करीब 1750 नक्सलियों को या तो आत्मसमर्पण करने पर मजबूर किया गया है, या फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।



### नक्सलवाद का भी सफाया

विधायक श्री यादव ने कहा हमारी सरकार ने प्रदेश के 68 लाख गरीब परिवारों को पांच साल तक मुफ्त राशन देने की योजना शुरू की। लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बहाल करने के साथ-साथ पांच साल के एरियर्स का भुगतान भी किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के संदेश और तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी गई। जनजातीय क्षेत्रों में सड़क, रेल और हवाई सुविधाओं का विस्तार किया गया है। अम्बिकापुर के हवाई अड्डे से भी अब हवाई सेवा की शुरुआत हो गई है।

### इन उपलब्धियों की दी गई जानकारी

हमारी सरकार ने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की रिकॉर्ड खरीदी की। दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण भी किया। तीन माह के भीतर ही महतारी वंदन योजना शुरु की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है। अब तक इस योजना की 10 किश्तों में 6530 करोड़ रुपए अंतरित किए जा चुके हैं। जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया।